तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

10 खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग: प्रो. सैनी


10 एफएलएन कार्यक्रम बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव


## खबर संक्षेप

### स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर साइकिल सवार की मौत

**जींद।** गांव अमरहेड़ी के निकट जींद-कैथल मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहपुर निवासी सुलतान (55) कार्यवश साइकिल पर सवार होकर शहर की तरफ आ रहा था।

### विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता आज

**कैथल।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में 28 फरवरी को विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अभिषेक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत कैथल, हरियाणा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से किया जा रहा है।

### 10.70 ग्राम हेरोइन के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने चमेला कालोनी गोशाला के निकट महिला समेत तीन लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 10 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना ने पकड़े तीनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### बागवानी फसलों की खेती को अनुदान दे रही सरकार

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने के लिए सरकार नए प्रावधान कर रही है। किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों आदि की खेती के लिए सरकार द्वारा 1.40 लाख तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कहा कि बागवानी खेती में फलों के नए बाग लगाना, सब्जियों की खेती एकीकृत मॉडल के साथ करना, मसालों की खेती तथा खुशबूदार पौधों की खेती करना जैसे मद शामिल हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**जींद।** एचपी गैस प्लांट के निकट जींद-रोहतक रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किनाना निवासी विकास (25) कार्यवश शहर में आया हुआ था।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, कैथल न्यायिक परिसर में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही की देखरेख में संपन्न होगा।

### दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर मीटिंग आज

**उचाना।** सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर खाप की मीटिंग होगी। अध्यक्षता नवनियुक्त प्रधान रणधीर श्योकंद सुंदरपुरा करेंगे। पूर्व प्रधान सूरजभान घसो ने बताया कि 28 फरवरी को होने वाली मीटिंग में कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा। खाप द्वारा भविष्य में गांव स्तर पर चलाए जाने वाले सामाजिक कार्यों को लेकर रूपरेखा तय की जाएगी।

### बिजली अदालत का आयोजन तीन, दस, 17 व 24 मार्च को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि मार्च माह में पिहोवा चौक स्थित बिजली निगम के कॉन्फ्रेंस हॉल में शिकायत निवारण अदालत की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक तीन, दस, 17 व 24 मार्च को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी।

# बार एसोसिएशन का कामकाज देखने के लिए बनेगी नई एडहॉक कमेटी

## बार प्रधान को लेकर अधिवक्ताओं ने किया मतदान, मतगणना पर लगाई रोक, 24 अप्रैल को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

बार एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया शुक्रवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच में शांतिपूर्वक तरीके से हुई। बार एसोसिएशन के लिए मतदान तो हो गया लेकिन मतगणना पर रोक लग गई है। इसके लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने मतगणना फिलहाल आगामी आदेशों तक टाल दी है। अब अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। वहीं जिला बार एसोसिएशन का कामकाज चलाने के लिए नई एडहाक कमेटी का गठन होगा। एडहाक कमेटी का गठन भी पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट आरएस रंधावा करेंगे। शुक्रवार को जींद जिला बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट दलवीर शर्मा की देखरेख में हुआ। चुनाव में जिला बार एसोसिएशन के 1399 सदस्यों में से 774 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। प्रधान पद के लिए सीधा मुकाबला अरविंद लाठर और संजीत मलिक के बीच रहा। उप. प्रधानए सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए भी आमने.सामने के मुकाबले हुए। शुक्रवार को जब जिला बार एसो चुनाव के लिए वोटिंग चल रही थी। तभी पंजाब एंड हाईकोर्ट ने जींद जिला बार एसो के पूर्व प्रधान विकास लोहान द्वारा दायर की गई याचिका पर न्यायमूर्ति न्यायाधीश गुरविंदर सिंह और रमेश कुमारी की डबल बेंच ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुना। डबल बेंच ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि जींद जिला बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया ऑनगोइंग है। लिहाजा इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। अपने आदेश में डबल बेंच ने कहा कि मतदान करवा लिया जाए लेकिन मतगणना अभी नहीं होगी। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तारीख निर्धारित की गई है। 24 अप्रैल तक मतगणना नहीं होगी। मतगणना कब होगीए इसके आदेश पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट मामले की अगली सुनवाई के बाद तय करेगा।



**जींद।** मतदान प्रक्रिया में भाग लेते अधिवक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### चुनाव में पहली बार इतना बड़ा विवाद

जींद जिला बार एसोसिएशन के कई दशक के इतिहास में यह पहली बार है कि बार एसोसिएशन के चुनाव में इतना बड़ा विवाद खड़ा हुआ है। मतदान से ठीक एक दिन पहले चुनाव करवाने को लेकर रेफरेंडम हुआ थाए जिसमें जिला बार एसोसिएशन के ज्यादातर सदस्य शुक्रवार का चुनाव करवाने के पक्ष में थे। शुक्रवार को चुनाव हो गया तो मतगणना फिलहाल टाल दी गई है।

### पूर्व प्रधान की बनाई कमेटी नहीं चलेगी

जींद जिला बार एसो का खुद को कार्यवाहक अध्यक्ष बताते विकास लोहान ने जिला बार एसो का कामकाज देखने के लिए जो एडहॉक कमेटी गठित की थी, वह अब नहीं चलेगी। उसकी जगह नई एडहॉक कमेटी का गठन होगा। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में जींद जिला बार एसो के चुनाव से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट आरएस रंधावा ने कहा कि वह एडहॉक कमेटी के गठन में मदद के लिए तैयार हैं। इसके बाद आरएस रंधावा को एडहॉक कमेटी का गठन करने के लिए अधिकृत किया गया। शनिवार को सीनियर एडवोकेट आरएस रंधावा जींद आकर शुक्रवार को हुए मतदान के बैलेट बॉक्स सुरक्षित रखवाएंगे और नई एडहॉक कमेटी का गठन करेंगे।

## सीएम फ्लाइंग ने आधा दर्जन फैक्ट्री व डेयरी पर मारे छापे

# 450 लीटर देशी घी किया सील, मिलावट का संदेह

## विभाग ने पांच देशी घी की फैक्ट्री पहले ही सील कर रखी

**नरवाना में डेयरी से घी तथा दूध के सैंपल भर लैबारेटरी भेजे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सीएम फ्लाइंग तथा खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पिल्लूखेड़ा तथा नरवाना में आधा दर्जन घी फैक्टरियों तथा डेयरी पर छापेमारी की और औचक निरीक्षण किया। पिल्लूखेड़ा की पांच में से तीन घी फैक्टरियों को खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा सील हुआ है। जबकि नरवाना में डेयरी से घी तथा दूध के सैंपल भरे और 450 लीटर संदिग्ध घी को सील कर दिया। जिन्हें जांच के लिए लैबोरटरी भेजा गया है। सीएम फ्लाइंग ने औचक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि पिल्लूखेड़ा तथा नरवाना में संदिग्ध देशी घी तैयार किया जा रहा है। जिसके आधार पर छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, सतपाल, चरण सिंह शामिल हुए। जबकि फूड सेफ्टी अधिकारी डा. योगेश भी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। सबसे पहले टीम ने पिल्लूखेड़ा में गांव अमरावली खेड़ा की फैक्टरी जय दुर्गे प्रोडक्ट, खेड़ी तलौडा की एसके ट्रेडिंग, श्याम मिल्क फूड, मंडी की तायल ट्रेडिंग, गांव भिड़ताना की बाबा ट्रेडिंग कंपनी पर छापेमारी की। किसी स्थान पर देशी नही मिला। हालांकि अमरावलीखेड़ा की जय दुर्गे, पिल्लूखेड़ा मंडी तायल ट्रेडिंग, श्याम फूड मिल्क को स्टेट फूड सेफ्टी विभाग ने पहले सील किया हुआ है। टीम में सीज माल के स्टॉक को भी जांचा और रिपोर्ट तैयार की। शुक्रवार को संयुक्त टीम ने नरवाना के राममंकद डेयरी पर दस्तक दी। जहां 450 लीटर संदिग्ध देशी घी तथा 900 लीटर दूध पाया गया। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने घी तथा दूध के सैंपल भर कर जांच के लिए लैबोरटरी भेज दिए और 450 लीटर घी को सील कर दिया। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है।





**जींद।** जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### रिपोर्ट आने के बाद अमल में लाई जाएगी कार्रवाई

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश ने बताया कि सीएम फ्लाइंग के साथ आधा दर्जन स्थानों पर दस्तक दी थी। जिसमें सील फैक्टरी भी शामिल है। उनकी रिपोर्ट अभी तक नही मिली है। नरवाना में घी तथा दूध के सैंपल भरे गए हैं। 450 लीटर घी को सील किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

## हाइड्रोजन ट्रेन का रनिंग ट्रॉयल जारी



**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन की रनिंग ट्रायल शुक्रवार को तीसरे दिन जारी रही। दोपहर बाद एक बजकर 40 मिनट पर ट्रेन हाइड्रोजन ट्रेन के यार्ड से बाहर निकाली गई। इसके बाद ट्रेन जींद जंक्शन पर पहुंची। वहां से ट्रेन दोपहर दो बजे सोनीपत के लिए रवाना हुई। ट्रेन पहले भंभेवा तक पहुंची। वहां से ट्रेन को पांडू पिंडारा तक लाया गया। पांडू पिंडारा पहुंचने के बाद ट्रेन को सीधे सोनीपत ले जाया गया। भंभेवा से पांडू पिंडारा के बीच ट्रेन का एक चक्कर लगवाया गया। ट्रेन शाम लगभग पांच बजे सोनीपत पहुंची। सोनीपत से जींद के लिए ट्रेन शाम पांच बजकर 35 मिनट पर रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन को 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलाया गया। शुक्रवार को ट्रेन को खाली लेकर गए थे, जबकि पहले दो दिन ट्रेन में टीम के अलावा पानी की कैनी भी रखी हुई थी। शुक्रवार को ट्रेन बिना पानी की कैनियों के गई है। पहले एक डिब्बे में 30 से 35 पानी की कैनियां रखी गई थी। जबकि वीरवार को जींद से सोनीपत जाते समय ट्रेन की स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटा रही थी। जबकि वापस आते समय 85 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रेन दौड़ी थी। *फोटो:हरिभूमि*



**जुलाना।** मौजूद पुलिस प्रशासन। *फोटो :हरिभूमि*

### लोन नहीं भरने पर मकान किया सील

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर छह में बैंक का लोन अदा न करने पर संबंधित मकान को सील कर दिया गया। बैंक द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से जुलाना की तहसीलदार शालिनी लाठर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। जिनकी मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जानकारी के अनुसार वार्ड छह निवासी सपना ने वर्ष 2022 में बैंक से सात लाख रुपये का लोन लिया था। यह लोन 10 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत किया गया था। जिसकी कुल 121 मासिक किश्तें निर्धारित की गई थी। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार लोन लेने के बाद उधारकर्ता द्वारा अब तक एक लाख 95 हजार 597 रुपये ब्याज तथा 42 हजार 145 रुपये मूलधन के रूप में जमा करवाए गए थे। क्षेत्रीय वसूली प्रबंधक प्रतीक खत्री ने बताया कि उधारकर्ता को समय-समय पर किस्त जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। कई बार व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर भुगतान करने के लिए कहा गया था लेकिन इसके बावजूद लोन की नियमित अदायगी नही की गई।

### दो समुदायों के बीच चल रहा विवाद सुलझाया

**नरवाना।** उपमंडल के गांव फुलिया कलां में दो समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने की दिशा में प्रशासन ने सकारात्मक पहल करते महत्वपूर्ण कदम उठाया। एसडीएम जगदीश चंद्र एवं डीएसपी कमलदीप राणा गांव फुलिया कलां पहुंचे और समझौता करवाने की कोशिश की। एसडीएम ने बताया कि गांव फुलिया में दो समुदायों के बीच आपसी विवाद चला आ रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप किया। एसडीएम व डीएसपी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गांव पहुंची और गांव के लोगों पंचायत प्रतिनिधियों तथा उपस्थित ग्रामीणों से विस्तृत बातचीत की। गांव में बैठक के दौरान पंचायत के सदस्य एवं कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रशासन ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की कोशिश की ताकि आपसी संवाद से स्थायी समाधान संभव हो सके।



**जींद।** परीक्षा केंद्र का दौरा करते बोर्ड उपाध्यक्ष। *फोटो :हरिभूमि*

### 6106 में से 5974 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**कैथल।** जिले में शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की द्वारा 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। राजनीति विज्ञान की यह दूसरी परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। जिलेभर में बनाए गए 74 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6106 परीक्षार्थियों ने शामिल होना था, जिनमें से 5974 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 132 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस दौरान डीईओ सुभाष कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप कराई जाए। साथ ही सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह और दोपहर के समय जाम जैसी स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को छोड़ने और लेने पहुंचे, जिससे सड़कों पर भीड़ बढ़ गई। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। अभिभावकों को परीक्षा की तीन घंटे की अवधि तक केंद्रों के बाहर ही इंतजार करना पड़ा। धूप और भीड़ के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

### विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण किया

**जींद।** विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं की शुचिता और गरिमा को बनाए रखने के लिए बोर्ड प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान की परीक्षा के दौरान बोर्ड उपाध्यक्ष ने जींद जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने अपने निरीक्षण अभियान की शुरुआत बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद से की जहां उन्होंने स्वयं अपनी उपस्थिति में प्रश्न पत्रों के पैकेट खुलवाए और केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र अधीक्षक और पर्यवेक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा कक्षों के भीतर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने चाहिए ताकि कोई बाहरी तत्व परीक्षा में व्यवधान नहीं डाल सके। बाल विकास स्कूल में निरीक्षण के बाइ बोर्ड उपाध्यक्ष का काफिला जिले के अन्य संवेदनशील और सामान्य परीक्षा केंद्रों की ओर रवाना हुआ।

# कैथल में डॉग नसबंदी टेंडर का किया विरोध

### नगर निगम आयुक्त को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

शहर में चल रही डॉग पकड़ने और नसबंदी (स्टेरिलाइजेशन) की कार्रवाई को लेकर स्थानीय निवासियों और पशु प्रेमियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में नपा आयुक्त, को लिखित शिकायत सौंपकर मौजूदा डॉग स्टेरिलाइजेशन व कैचिंग टेंडर को तुरंत रद करने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डॉग कैचिंग की कार्रवाई बिना किसी स्पष्ट कार्ययोजना और सार्वजनिक सूचना के की जा रही है। कुछ व्यक्तियों की शिकायतों के आधार पर कुत्तों को उठाया जा रहा है, जबकि स्थानीय लोगों से कोई परामर्श नहीं किया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पहले ही दिन एक साढ़े चार माह की दृष्टिहीन मादा पिल्ले को पकड़ लिया गया, जबकि स्थानीय लोगों ने उसकी स्थिति के बारे में टीम को अवगत कराया था। इसके अलावा एक गर्भवती कुतिया ने कथित तौर पर डॉग कैचिंग वैन के अंदर ही पिल्लों को जन्म दिया, जहां पहले से लगभग 20 कुत्ते भरे हुए थे। शिकायतकर्ताओं ने अमानवीय बताते पशु क्रूरता के नियमों का उल्लंघन बताया है। एक अन्य साढ़े चार माह के पिल्ले को भी पकड़ने की बात कही गई है। ज्ञापन में यह भी आरोप है कि डॉग कैचिंग टीम वीडियो रिकॉर्डिंग करने वाले निवासियों को धमका रही है और उनके खिलाफ 112 पर कॉल करने की चेतावनी दे रही है, जिससे लोगों में भय और असंतोष का माहौल है। शिकायतकर्ताओं ने 'प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स एक्ट' के तहत लागू एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों का हवाला देते कहा कि छह माह से कम आयु के पिल्लों को अनावश्यक रूप से नहीं उठाया जा सकता। गर्भवती और दूध पिलाने वाली कुत्तियों के साथ विशेष सावधानी बरतना अनिवार्य है।

### सुधार नहीं किया तो आवाज उठाएंगे

स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान टेंडर प्रक्रिया और कार्रवाई में सुधार नहीं किया गया तो वे आगे भी कानूनी और सामाजिक स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे।

### पारदर्शिता सुनिश्चित हो

नियमों के अनुसार टीकाकरण के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें पकड़ा हो। मांग की है कि नसबंदी कार्य केवल योग्य पशु चिकित्सकों की निगरानी में, उचित सर्जिकल सुविधाओं और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के साथ किया जाए। साथ ही पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, और निगरानी तंत्र सुनिश्चित किया जाए।

## सफाई कर्मचारियों के लिए 26 हजार रुपये मासिक वेतन की घोषाणा को लागू करने की मांग

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शहर में हल्ला बोल प्रदर्शन किया

**ठेका प्रथा को समाप्त कर नए पद सृजित करने और नियमित भर्ती करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकाला और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज को सौंपा। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष गुलाब बिरौली और नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सोहनलाल ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 24 नवंबर 2024 को जींद में ही सफाई कर्मचारियों के लिए 26 से 27 हजार रुपये मासिक वेतन की घोषणा की थी, जो आज तक केवल कागजों तक सीमित है। सफाई कार्य में लगे 99 प्रतिशत कर्मचारी डीएससी समाज से आते हैं लेकिन बीजेपी सरकार जानबूझ कर इनकी अनदेखी कर रही है। जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघर्ष समिति ने अपनी मुख्य मांगों को दोहराते कहा कि 31 दिसंबर 2025 को माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों की पूर्ण पालना की जाए और सभी कच्चे सफाई व सीवर कर्मियों को बिना शर्त पक्का किया जाए। इसके साथ ही ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त कर 400 की आबादी पर नए पद सृजित करने और नियमित भर्ती करने की मांग की गई। कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली और जोखिम भरे कार्य के लिए 50 लाख रुपये के बीमे की मांग भी प्रमुखता से उठाई। नेताओं ने चेताया कि यदि सरकार ने जल्द ही इन 13 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाएए तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा।



जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी।

# होली पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

रंगों का त्योहार होली नजदीक आते ही बाजारों में रौनक चरम पर पहुंच गई है। गुलाल, पिचकारी, रंग-बिरंगे गुब्बारे, मुखौटे और सजावटी सामान से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं महिलाएं घरों के लिए मिठाइयों और पकवानों की खरीदारी में जुटी हैं। होली से एक दिन पूर्व श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होलिका दहन करेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह पर्व भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। लोग घरों में गोबर के उपले, लकड़ी और पूजा सामग्री एकत्र कर रहे हैं। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से होलिका दहन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बाजारों में गुझिया, मठरी, दही भल्ले, नमकीन, काजू कतली और अन्य पारंपरिक पकवानों की मांग बढ़ गई है। हलवाईयों के यहां देर रात तक तैयारियां चल रही है।



## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में चल रहा एनएसएस कैंप सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. बाबा वजराला पहुंचे। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने उनका स्वागत किया। स्वयं सेवकों ने अपने अनुभव सांझा किए तथा देश की उन्नति में भाग लेने एवं समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली।

### विधायक अत्री ने बदले राजनीति के मायने

**उचाना।** भाजपा नेता एडवोकेट अजय अलीपुरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना में राजनीति के मायनों को बदलने का काम किया। वीवीआईपी कल्चर को उचाना में समाप्त कर दिया है। पहले जो विधायक बनते थे उनसे मिलने के इंतजार करना पड़ता था या हजारों खर्च कर चंडीगढ़, दिल्ली जाना पड़ता था। यहां भी मिलने के लिए लाइनों में लगना पड़ता था। मिलने के बाद मूड देखना पड़ता था। अब जो विधायक मिला उससे मिलने के लिए न लाइनों में लगना पड़ता है न ही मूड देखना पड़ता था।

### एसडी कॉलेज में एक मार्च को हिंदू सम्मेलन

**उचाना।** एक मार्च को एसडी महिला कॉलेज उचाना मंडी के प्रांगण में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सुरेंद्र ने बताया कि स्वामी वजीरानंद महाराज प्रबंधक बाबा फुल्लू साध गौशाला उचाना खुर्द के सान्निध्य में ये सम्मेलन होगा। अध्यक्षता पं. देशराज खरकभूरा करेंगे।

### उचाना विकास रैली ने तोड़े भीड़ के सारे रिकॉर्ड : अत्री

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने कहा कि 18 फरवरी को उचाना में आयोजित विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में सीएम नायब सिंह सैनी की उचाना विकास रैली को उचाना हलके के गांव-गांव से पहुंची रिकॉर्ड संख्या में महिलाओं ने रैली को रैला बनाने का काम किया। महिलाओं की संख्या शायद ही किसी रैली में इतनी हुई हो जितनी उचाना रैली में हुई। पूरे पंडाल में जहां तक नजर जा रही थी वहां पर महिलाओं की संख्या नजर आ रही थी।

### तिरंगे का सम्मान करना सभी का नैतिक दायित्व

**जींद।** विभिन्न अवसरों एवं त्यौहारों पर सभी देशवासी पूरी उमंग व उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हैं। अब अगर किसी स्थान पर फटे, कटे व रंग उड़े हुए राष्ट्रीय ध्वज हैं तो उनके स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। फटे, कटे व रंग राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान के साथ निस्तारण करना होता है। अगर कोई नियमानुसार राष्ट्रीयध्वज निस्तारण करने में सक्षम नहीं है तो उक्त ध्वज को नजदीक के तहसीलदार कार्यालय में जमा करवा दें।

### महायज्ञ विधिवत रूप से पूर्णाहुति के साथ संपन्न

**जींद।** एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में हुड्डा ग्राउंड में गत 18 फरवरी से चल रहे 108 कुंडीय महायज्ञ विधिवत रूप से पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। जनकल्याण की भावना से आयोजित महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण वैदिक मंत्रोच्चारण व भक्ति भावना से ओतप्रोत रहा।

## डाइट इक्कस में डीपीआईयू बैठक संपन्न

# एफएलएन कार्यक्रम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव

### कक्षा पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों पर मंथन

**बच्चों की कमजोरियों को सुधारने के लिए प्रयास करें**



जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी व अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) ईक्कस में जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई (डीपीआईयू) की बैठक का आयोजन किया। अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने की। जबकि प्रधानाचार्य डाइट इक्कस मुन्नी देवी ने सचिव के रूप में संचालन किया। बैठक में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, एबीआरसी, बीआरपी, क्लस्टर हेड तथा अन्य शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही एफएलएन गतिविधियों की समीक्षा करना और आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए कार्ययोजना तैयार करना रहा। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जिले में चल रही एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बैठक में सेंसस रिजल्ट, सी कैटेगरी में आए विद्यालयों तथा बॉटम 10 विद्यालयों की एफएलएन विजिट रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच के लिए जिला स्तरीय और खंड स्तरीय टीमों के गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि मार्च माह में कक्षा तीसरी के बच्चों के लिए एफएलएस पेपर आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभी विद्यालयों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मूल्यांकन बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता को परखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। बैठक में कक्षा पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि सत्र का समापन निकट है। इसलिए सभी विद्यालयों को समय पर परीक्षाओं की तैयारी पूरी करनी चाहिए। शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की कमजोरियों की पहचान कर उन्हें सुधारने के लिए विशेष प्रयास करें। प्रधानाचार्य डाइट ईक्कस मुन्नी देवी ने कहा कि एफएलएन कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम बच्चों को खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया से जोड़ता है और रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर समझ के साथ पढने और सीखने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि एफएलएन गतिविधियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी एबीआरसी, बीआरपी और क्लस्टर हेड्स विभाग द्वारा निर्धारित एफएलएन विजिट को समय पर पूरा करें, एप क्लस्टर का पूरा रिकॉर्ड रखें और जिन बच्चों की दक्षता कमजोर हैए उन पर विशेष ध्यान दें। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि सभी सीआरसी को अपने क्लस्टर में एफएलएन गतिविधियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। सुझाव दिया कि प्रत्येक डीपीआईयू सदस्य एक ऐसे विद्यालय को गोद ले, जहां एफएलएन गतिविधियां अपेक्षाकृत कम हैं ताकि वहां सुधार लाया जा सके।

#### ब्लाक कोआर्डिनेटर ने रखे सुझाव

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमनदीप, प्रवीण, बलराज, कुसुम, सुमन और पुष्पा ने भी एफएलएन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों का प्रयोग करना चाहिए। बैठक में डीपीसी समग्र शिक्षा किरण बाला और उप जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मोर ने भी उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एफएलएन कार्यक्रम केवल एक शैक्षणिक पहल नही बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने सभी शिक्षकों और अधिकारियों से अपील की कि वे इस मिशन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करें। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में एफएलएन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा ताकि हर बच्चा निपुण भारत मिशन के लक्ष्य के अनुरूप बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता प्राप्त कर सके।

# किसान व खाप नेता टेकराम कंडेला को राज्यसभा भेजने की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद ब्लॉक समिति के अध्यक्ष राकेश तलोडा ने गांव शाहपुर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई प्रदेश में राज्यसभा के चुनाव को लेकर चर्चा की गई और चर्चा में टेकराम कंडेला को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया जाए और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है। टेकराम कंडेला जो लंबे समय से सामाजिक व किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं। जिनका पूरे उत्तरी भारत में नाम है, एक अच्छी छवि के ईमानदार नेता है। जिन्होंने जींद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को व 2019 व 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उन्होंने और उनके समर्थकों ने खुल के मदद की व तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अहम योगदान दिया। जींद राजनीति का केंद्र बिंदू है और यहां से सरकारें गिरती व बनती हैं। 2024 के विधानसभा चुनाव में जींद जिले में पांच में से चार सीटें देकर भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। जन कल्याण फाउंडेशन के प्रवक्ता सुल्तान कंडेला ने कहा कि टेकराम कंडेला को राज्यसभा में भेजने से आने वाले उत्तर प्रदेश व पंजाब के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को लाभ मिलेगा। बैठक में जिला परिषद के सदस्य नरेश दालमवाला, जगबीर सिंह, किताब सिंह रेढ़ू, पालू तलोडा, नंदू शाहपुर, सतबीर रेढ़ू, रमेश दालमवाला, बेदू कंडेला आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



जींद। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को चित्र भेंट करते दीपक कौशिक। फोटो :हरिभूमि

### 108 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

**जींद।** हुड्डा ग्राउंड में चल रहे शिव शक्ति 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन एक राष्ट्र, एक चुनाव की परिकल्पना को सार्थकता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यज्ञ का आयोजन यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सान्निध्य में जींद की पावन धरा पर संपन्न हो रहा है। जिसमें 108 कुंडियों की स्थापना की गई है। कार्यक्रम के दौरान जींद के युवा चित्रकार दीपक कौशिक ने कला का अनूठा प्रदर्शन करते यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज का इंद्रधनुषीय कल्पना से सुसज्जित जीवंत चित्र कैनवास पर प्रस्तुत किया। विशेष चित्र आयोजन स्थल के मुख्य मंच पर हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की उपस्थिति में महाराज जी को भेंट किया। हरिओम महाराज ने चित्र की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते कहा कि जब कलाकार की कला सार्थक स्वरूप में निरंतर गतिमान रहती है।

### पंडाल को जलाने का प्रयास, आरोपी पकड़े

**जींद।** एकलव्य स्टेडियम निकट हुडा ग्राउंड में चले रहे श्री हरिओम महाराज के 108 कुंडीय हवन यज्ञशाला के पंडाल को एक युवक ने ज्वनशीलशील पदार्थ डाल कर आग लगाने की कोशिश की। सेवादारों की सर्तकता ने आग लगाने की कोशिश कर रहे युवक को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ आगजनी की कोशिश का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। हुडा ग्राउंड में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के चलते पंडाल के बाहर बीती रात सेवादार गांव दालमवाला निवासी बंटी अपने साथी पुनीत के साथ निगरानी रखे हुआ था। देर रात को एक युवक पंडाल के पीछे आया और ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगाने की कोशिश की। तिल्ली न जलने के कारण वह सफल नही हो सका। उसी दौरान दोनों की निगाह युवक पर पड़ गई। जिसे दोनों ने काबू कर लिया।

### नई तकनीक अपनाने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभागियों के लिए स्प्रे तकनीक व माली प्रशिक्षण विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के अनेक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. नीरज पंवार ने किसानों को संबोधित करते कहा कि फसलों में स्प्रे तकनीक का सही और वैज्ञानिक उपयोग उत्पादन बढ़ाने तथा लागत कम करने में अत्यंत सहायक है। उन्होंने किसानों को दवाओं की उचित मात्रा, सही समय पर छिड़काव, सुरक्षा उपायों तथा कृषि यंत्रों के रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते प्रशिक्षणार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

### युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः कुलगुरु

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि ;सीआरएसयूद्ध के पावन शैक्षणिक प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना सेल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय बहुविषयक सम्मेलन अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक और ऐतिहासिक सिद्ध हुआ। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मेलन ने विवि की वैश्विक शैक्षणिक पहचान को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सम्मेलन में 19 देशों से तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। जबकि 650 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत एवं प्रकाशित किए गए। ये उपलब्धि विवि के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखी जा रही है। देश व विदेश से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

### भारत विद्या मंदिर स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह

**जींद।** भारत विद्या मंदिर मिडल स्कूल में 33वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया। इसके मुख्यअतिथि विहिप हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष राधे श्याम चिल्लाना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व भारत विद्या मंदिर समिति के उप प्रधान विनोद तायल ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर मालार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। बताया कि स्कूल ने राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् एनसीईआरटी से स्वर्ण पदक प्राप्त किया हुआ है। शहर में होने वाले प्रत्येक सांस्कृतिक, शैक्षणिक व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी भाग लेते हैं।




जींद। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते मुख्यातिथि और मौजूद बच्चे।



जुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते लोग। फोटो :हरिभूमि

### वसुंधरा सैन को दी श्रद्धांजलि

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नगरपालिका में बीकानेर निवासी मृतक वसुंधरा सैन का श्रद्धांजली दी गई। राजस्थान के बीकानेर जिले के बज्जू थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय बालिका 21 फरवरी को आठवीं कक्षा की परीक्षा देने घर से निकली थी लेकिन लापता हो गई थी। बाद में उसका शव रोही क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिला। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कर्मचारी संघ के प्रधान ईश्वर ठाकूर ने की। ईश्वर ठाकुर ने कहा कि इस घटना से पूरे समाज, खासकर दलित और पिछड़े वर्ग में भारी रोष है। मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि भाजपा सरकार में आए दिन बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं और सरकार दावे तो बेटियों को बचाने के कर रही है लेकिन धरातल पर कुछ भी नही हो रहा है।




जींद। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा रवाना करते डा. अरविंद।

### कानों की नियमित जांच करवाएं

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को विश्व श्रवण दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व नाक, कान व गला विशेषज्ञ डा. अरविंद ने आमजन को विश्व श्रवण दिवस बारे जानकारी दी। कार्यक्रम से पहले नर्सिंग स्टूडेंट, फार्मेसी स्टूडेंट ने जागरूकता रैली भी निकाली। डा. राजेश भोला ने कहा कि हर वर्ष तीन मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष अलग-अलग थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। डा. भोला ने कहा कि कई बार जब तक हमें पता चलता है कि वाकई सुनने में कोई दिक्कत हो रही है तब तक कान के 30 फीसदी हियर सेल्स नष्ट हो चुके होते हैं।

# विज्ञान प्रतियोगिता में रमन और लवप्रीत ने पाया अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



हसनपुर गांव के आरोही माडल वमावि में विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित वर्किंग माडल व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा ने की तथा संचालन विज्ञान अध्यापिका अंजू व गणित अध्यापक आलोक ने किया। इस दौरान कक्षा छटी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विज्ञान विषय में रमन व लवप्रीत ने प्रथम, वरूण व मनीष ने द्वितीय तथा सवीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित विषय में मानवी व मुस्कान ने प्रथम, तान्या व पावनी ने द्वितीय, जबकि साक्षी व आयशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में लेविश ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय तथा अंशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों की बौधिक व रचनात्मक क्षमता बढती है। विज्ञान जीवन में उन्नति और उपलब्धियां हासिल करने का मार्ग है। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पे्ररित किया। इस दौरान मेधावी बच्चों को स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा व अध्यापिका अंजू ने प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान हरपाल मोर, अशोक सिंघला, नरेंद्र कुमार, सोनिया देवी के अलावा तपस्या गहलावत मौजूद रहे।




जींद। अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित शिकायतों को हल करने के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लिया जाए। किसी भी शिकायत को औपचारिकता समझ कर न निपटाया जाए बल्कि उसका समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले चड़ीगढ़ मुख्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने वीसी से समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते्रअधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंडिंग मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए।

## चौधरी रणबीर सिंह विवि इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंगः प्रो. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के खेल परिसर में इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी द्वारा किया। इस प्रतियोगिता का संचालन विश्वविद्यालय खेल परिषद द्वारा 27 से 28 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विवि से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन मुकाबला गवर्नमेंट कॉलेज जींद और हिंदू कन्या कालेज जींद के मध्य खेला गया। मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित



जींद। प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ियों से परिचय लेते वीसी। फोटो :हरिभूमि

कुलगुरु प्रो डा. रामपाल सैनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों के माध्यम से खिलाड़ी न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनता है बल्कि उसके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी होता है। कहा कि खेल प्रतिभाओं के लिए आजीविका के अनेक अवसर उपलब्ध हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं सम्मान जनक रोजगार प्राप्त होते हैं। आश्वस्त किया कि विवि खिलाड़ियों को खेलों से संबंधित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलगुरु ने खिलाड़ियों को अनुशासन, और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया व कहा कि खेल व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। डा. नरेश ने बताया कि विवि की महिला एवं पुरुष हैंडबॉल टीमों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

#### ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता के मुकाबलों में हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद ने गवर्नमेंट कॉलेज जींद को 20-10 के अंतर से पराजित किया। दूसरे मैच में एसडी कॉलेज नरवाना ने यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट यूटीडी को 25-20 के अंतर से हराया। तृतीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में यूटीडी की टीम ने गवर्नमेंट कॉलेज जींद को 15-10 के अंतर से पराजित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 28 फरवरी को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद और एसडी कॉलेजए नरवाना के मध्य खेला जाएगा। इसके बाद दोपहर को विश्वविद्यालय टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

# जींदः कई वृद्धों के खाली पेट न आने के कारण नहीं हो पाए टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

■ अब मार्च माह में तीसरे शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में लगेगा शिविर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को लंबी लाइनों, भीड़भाड़ और अलग-अलग विभागों में चक्कर लगाने से तंग आ चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए पॉलीक्लीनिक में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए और एक ही छत के नीचे हड्डी, फिजिशियन, ईएनटी, आई सर्जन, सर्जन की सुविधा सीनियर सिटीजन को मिली। हालांकि शिविर में कई वृद्ध खाली पेट नही आए। जिसके चलते टैस्ट नही हुए। वहीं अब निर्णय लिया गया कि मार्च माह में तीसरे शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में सीनियर सिटीजन के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि सभी वृद्धों को सभी टैस्ट सुविधाएं व दवाएं यहीं मिल सकें। पोलीक्लीनिक में शुक्रवार को सीनियर सिटीजन के लिए कैंप 11 बजे से दो बजे तक रहा। कैंप में जो भी चिकित्सक गए, उन्होंने ओपीडी के साथ-साथ आप्रेटेबल वृद्धों की जांच भी की। वहीं नागरिक अस्पताल में जो मरीज आए, उन्हें चिकित्सक के न मिलने पर पोलीक्लीनिक का रास्ता दिखाया गया। वहीं आप्रेटेबेटल पाए जाने पर वृद्ध का नागरिक अस्पताल में ही आप्रेशन भी किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक फोरम के प्रधान बूटा सिंह पूनिया ने कहा कि पोलीक्लीनिक में जो हैल्थ जांच शिविर लगा उसमें सभी सुविधाएं नही मिल पाई हैं। भविष्य में जब भी यह कैंप लगाया जाए तो इसका ख्याल रखा जाए कि सीनियर सिटीजन को टैस्ट, दवाओं व अन्य सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हों। वहीं छज्जूराम नैन ने कहा कि सीनियर सिटीजन के लिए जो कैंप लगा उसमें कई वृद्ध खाली पेट नही आए। जिसके कारण टैस्ट नही हो पाए। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की यह अच्छी पहल है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को हाथ धोने की विधि समझाई

**राजौंद।** गांव जाखौली स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हैंड वॉश डे के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कक्षा कक्षों में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने विद्यार्थियों को सही तरीके से हाथ धोने की छह चरणों वाली विधि समझाई और बताया कि भोजन से पहले, शौचालय के बाद तथा बाहर से आने पर साबुन से हाथ धोना अत्यंत आवश्यक है।

### विभागों के अध्यक्ष करेंगे सरकारी स्कूलों का दौरा

**कैथल।** जिले में अब विभिन्न विभागों के अध्यक्ष सरकारी स्कूलों का दौरा करेंगे। स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं, भवन की हालत, मिड डे मील से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को देंगे। इसके बाद समाधान शिविर में साप्ताहिक तौर पर इन रिपोर्ट्स के तथ्यों की समीक्षा होगी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इन रिपोर्टस में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। डीसी अपराजिता ने सभी विभागाध्यक्षों को जारी आदेशों में कहा है कि शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए गए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

### दुकान से सामान चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** इलेक्ट्रॉनिक दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा सामान चोरी किए जाने के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव साघन निवासी रिंकु की शिकायत अनुसार उनकी सदर बाजार कैथल में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। 22 जनवरी को वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर उन्होंने देखा कि दुकान के ऊपर बने स्टोर का दरवाजा टूटा हुआ था तथा साथ लगते महावीर निवासी गांव अटैला के ऑफिस का दरवाजा टूटा मिला।

### होली का रंग कान्हा के संग कार्यक्रम एक को

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा, कैथल द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर प्रधान सुषम कपूर की अध्यक्षता में सब कमेटी की मीटिंग की गई। कार्यक्रम की थीम "होली के रंग कान्हा के संग" रखी गई है, जिसके माध्यम से होली के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाया जाएगा। यह आयोजन रविवार 1 मार्च को को आयोजित होगा।

### अभियान का लक्ष्य ध्यान के महत्व का प्रचार करना

**कैथल।** नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र कैथल द्वारा समाज में ध्यान एवं आत्म-जागृति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु "गांव-गांव में ध्यान प्रचार" अभियान 7 फरवरी 2026 से निरंतर जारी है। यह अभियान कैथल एवं आसपास के सभी गांवों में चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ध्यान के महत्व का प्रचार-प्रसार करना तथा लोगों को मानसिक शांति, संतुलन एवं सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। इस पहल को सभी आयु वर्गों बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं बच्चों से अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं सराहनीय प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

### प्रताड़ना के आरोप में पति सहित 3 नामजद

**कैथल।** पुंडरी पुलिस ने प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। गांव हजवाना की महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व सुखवंत सिंह के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे प्रताड़ित करते थे। हर रोज की मारपीट और तानों से परेशान आकर वह मायके लौट आई थी।

---

## दस मार्च को तहसील स्तर पर डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च का ऐलान

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भाकियू ने नारेबाजी कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी)की जिलास्तरीय बैठक हनुमान वाटिका कैथल मे जिला अध्यक्ष गुरनाम फरल की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक के बाद युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट,प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड, प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका के नेतृत्व में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध मे नारेबाजी करते हुए किसान छोटूराम चौक पर पहुंचे, वहा पर ट्रेड डील के विरोध मे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि धान के सीजन में हरियाणा प्रदेश में खरीद के दौरान 5 हजार करोड रुपए से अधिक का धान घोटाला हुआ है, जिसको लेकर पूरे प्रदेश में धरने में प्रदर्शन किए गये लेकिन इस घोटाले को दबाने की कोशिश की जा रही है,इस धान घोटाले की सीबीआई से जांच करवाई जाए।

आज पूरे देश में भाकियू चढ़ूनी द्वारा भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के पुतले जलाकर इस ट्रेड डील का विरोध किया जा रहा है, और 10 मार्च को पूरे देश में तहसील स्तर पर इस ट्रेड डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध किया जाएगा। 23 मार्च को शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान- मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी जिसमें प्रदेश एवं देश भर से किसान मजदूर व सामाजिक संगठन भाग लेंगे। इस महापंचायत में आगे के आंदोलन की रणनीति की घोषणा की जाएगी।





कैथल। प्रदर्शन करते तथा डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाते भाकियू नेता व किसान। फोटो : हरिभूमि

***23 मार्च को अनाज मंडी पिपली में किसान- मजदूर जन क्रांति रैली में प्रदेश और देश भर से किसान मजदूर व सामाजिक संगठन भाग लेंगे।***

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

किसानों, मजदूरों एवं आम जन के लिए फ्री एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं क्योंकि राजनेता और अधिकारियों को फ्री शिक्षा और फ्री मेडिकल सुविधा सरकार अपने खर्च पर कराती है जबकि नेताओं ओर अधिकारियों को मोटी सेलरी एवं मोटी पेंशन मिलती है भारत के बाहर कई देशों में आम आदमी की पढ़ाई लिखाई एवं इलाज फ्री है इसलिए भारत के भी आम आदमी एवं किसान को फ्री शिक्षा एवं फ्री इलाज करना ही पड़ेगा हमारी मांग है। इस प्रदर्शन मे जरनैल सिंह जैली, नरेंद्र मागो माजरी,विक्रम डुसैण,पिरथी कौल, बलिंद्र हजवाना, रणधीर बरसाना, बलकार मलिक, सुरेंद्र पयौदा,किनदर ठेकेदार, गुरबचन हरिगढ़, गुरपाल गगडपुर,कुडा राम पबनावा, गुरमुख फरल, बहादुर गोरसी, सतनाम डुसैण, सतपाल पुंडरी,शीलू गोलन, मोनी सिकंदर खेड़ी, संदीप संधू , बिन्दर सिरटा,दीप लालर सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित थे।

### परेशानी बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील देश के किसानों और खेत मजदूरों पर सीधा हमला है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी कृषि मंत्री के बयानों से साफ है कि भारत अमरीकी कृषि उत्पादों को जीरो कस्टम ड्यूटी पर अपने बाजार में आने देगा, जिससे भारतीय किसानों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में अमेरिका का भारत के साथ कृषि व्यापार घाटा 1.3 बिलियन डॉलर था, अब यह डील अमेरिकी किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है, ना कि हमारे किसानों की रक्षा के लिए। भारतीय किसान कहां जाएगा?

---

# खाटू श्याम की भक्ति से बढ़ती है एकता: रवि

- गायकों ने भजनों की प्रस्तुति से किया भक्ति रस में सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

गांव फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में आयोजित 6वें विशाल खाटू श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव के तहत आज श्रद्धा व उल्लास के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र में श्याम नाम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। निशान यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर में पहुंची। श्रद्धालु हाथों में ध्वज और निशान लेकर भक्ति भाव से झूमते नजर आए। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लवली ज्वैलर्स के एम.डी. रवि वर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम की भक्ति से व्यक्ति को आत्मिक शांति मिलती है और ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे व एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोडने का कार्य करते हैं। इसके उपरांत भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



पूंडरी। निशान यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूजा करते रवि वर्मा।

### अंजनी पुत्र हनुमान मंदिर से निकाली निशान यात्रा

**कैथल।** फाल्गुन माह की आमलकी एकादशी के उपलक्ष्य में शुक्रवार माता गेट स्थित अंजनी पुत्र हनुमान मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस निशान यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। यह निशान यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर माता गेट, समिति चौक, नोटा चौक और लाल पौह मार्ग से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में ध्वज और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। जय श्री श्याम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मंदिर समिति के सदस्य राकेश कुमार ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता और आपसी भाईचारे का संदेश देना है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

---

# परिवार मिलन समारोह और एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम कार्यक्रम एक को : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

अग्रवाल युवा सभा, कैथल द्वारा होली के पावन अवसर पर "परिवार मिलन समारोह एवं एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम" का भव्य आयोजन 1 मार्च 2026, रविवार को सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर, काठी गेट, कैथल में किया जा रहा है। सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन फाल्गुन माह की भक्ति और उल्लास को समर्पित है, जिसमें समस्त अग्रवाल समाज सहित क्षेत्रवासी सपरिवार आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में भव्य दरबार, मधुर श्याम संकीर्तन एवं फूलों की होली मुख्य आकर्षण रहेंगे। संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम की विशेषता के रूप में "नारी सम्मान – हमारा अभिमान" की भावना के साथ उपस्थित मातृशक्ति के लिए महिला लकी कूपन की व्यवस्था की गई है। ड्रा में निकला इनाम केवल उपस्थित महिला को ही प्रदान किया जाएगा। सभी से अनुरोध है कि कूपन अपने पास सुरक्षित रखें।



कैथल। रामप्रताप गुप्ता अन्य सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### आदित्य ने भर्ती व्यवस्था पर जमकर हमला बोला

**कैथल।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस के युवा नेता एवं कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश की भर्ती व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को रिजेक्शन कमीशन करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए कि इन आयोगों द्वारा पेपर लीक, प्रश्नों की नकल, बेहद कम चयन दर तथा गैर-हरियाणवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता देकर राज्य के युवाओं के साथ "संस्थागत धोखाधड़ी" की जा रही है। नियम 66 के तहत लाए गए स्थगन प्रस्ताव के दौरान सुरजेवाला ने भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा का नौजवान रात-दिन मेहनत करता है, माता-पिता जमीनें गिरवी रखते हैं, कोचिंग की भारी फीस चुकाते हैं और बड़े-बड़े सपने देखते हैं।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों का समयबद्ध निपटान करें : डॉ. सुशील

- नागरिकों की समस्याओं को अच्छे व्यवहार के साथ सुना जाए : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का समयबद्ध निपटान करें, वहीं अन्य पोर्टलों पर लंबित शिकायतों का भी जल्द समाधान करें।

नागरिकों की समस्याओं को अच्छे व्यवहार के साथ सुना जाए। एडीसी डॉ. सुशील कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि जिला में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में अब तक कुल 5539 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इनमें से 5010 का समाधान किया जा चुका है। इस समय 26 शिकायतें लंबित है, संबंधित विभागों द्वारा इन पर कार्यवाही की जा रही है। अन्य शिकायतों में कुछ रिजेक्ट की गई हैं, कुछ रि- ओपन तथा कुछ मामले कोर्ट में लंबित हैं।



कैथल। एडीसी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

---



पूंडरी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते डॉ. अमित टाया।

### खेल से नेतृत्व की भावना विकसित : अमित टाया

**पूंडरी।** डी.ए.वी. कॉलेज पूंडरी में आयोजित 46वीं एथलेटिक मीट उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी की प्राचार्या डॉ. शुक्न्तला सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। द्वितीय सत्र में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की खेल परिषद के प्रधान डॉ. अमित टाया रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल समयबद्धता, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है, जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा गोला फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# पाई की अनाज मंडी में सीजन को लेकर जगह का बना टोटा

- आढ़तियों और किसानों ने की जगह उपलब्ध करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाई

पाई अनाज मंडी में किसानों की गेहूं की फसल डालने के लिये जगह न होने के चलते आढ़तियों को मजबूरन किराये पर जगह लेनी पड़ती है, जबकि फसल से होने वाली मार्केट फीस के रूप में आमदनी मार्केट कमेटी खा जाती है। आढ़तियों की मांग है कि किसानों की फसल के लिये सरकार उनको जगह उपलब्ध करवाएं। मंडी के पूर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी ने बताया कि गेहूं का सीजन आने में सवा महीना रह गया है, परन्तु सरकार के द्वारा किसानों की गेहूं की फसल डालने के लिये मंडी में पर्याप्त जगह नही है। बताया कि मंडी में जगह न होने से आढ़तियों को अपने किसानों की फसल ड़लवाने के लिये किराये पर जमीन लेनी पड़ती है। बताया कि किराये पर ली जमीन का किराया आढ़ती को अपनी आढ़त में से देना पड़ता है, परन्तु इस जमीन पर ड़ाली फसल पर मार्केट फीस के रूप में चार% आमदन कमेटी को होती है। कहा कि जब आमदन मार्किट कमेटी खती है तो किसानों की फसल के लिये जगह उपलब्ध करवाना भी मार्किट कमेटी का काम है।



पाई। अनाज मंडी, जो सीजन में पड़ती है छोटी। फोटो : हरिभूमि

### भाजपाइयों ने क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को किया याद

**कैथल ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा कैथल जिला पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुरेश संधू ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज की युवा पीढ़ी को उनके साहस, अनुशासन और देशप्रेम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जिला महामंत्री मुनीश शर्मा ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है।



कैथल। महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि मनाते भाजपा नेता।

---

## बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# 200 और 800 मीटर दौड़ में यश अव्वल, सुनील रहे द्वितीय

***छात्रों को शिक्षा और खेलों में संतुलन स्थापित कर उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में आयोजित 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का द्वितीय दिवस महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष तेजवीर सिंह के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं गरिमामयी उपस्थिति में उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। तेजवीर सिंह ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आत्मअनुशासन और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का सशक्त साधन हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा और खेलों में संतुलन स्थापित कर उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राकेश कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना करते कहा कि खेल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं तथा उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की। महाविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्थान शैक्षणिक एवं खेल दोनों क्षेत्रों में निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। विशेष रूप से छात्रा तनुजा चौहान को विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर कॉलेज का गौरव बढ़ाने पर बधाई दी और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अमित कुमार, अध्यक्ष, स्पोर्ट्स काउंसिल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।



ढांड। पूर्व विधायक खेलों में अव्वल रहे खिलाडियों को सम्मानित करते हुए।

### विजेताओं को किया सम्मानित

प्रतियोगिताएं जोशपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की तालियां बटोरीं। 200 एवं 800 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) में यश कुमार प्रथम, सुनील कुमार द्वितीय तथा रजत तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ (छात्रा वर्ग) में झांसी प्रथम, धनवंतरी द्वितीय एवं बलविंदर तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में यश कुमार प्रथम, रजत द्वितीय एवं रणवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में कौशल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि यश कुमार द्वितीय एवं रजत तृतीय स्थान पर रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### आप कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

**कैथल।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, विजय नायर तथा अन्य नेताओं को शराब घोटाले से जुड़े मामले में बरी किए जाने की खबर सामने आते ही आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह सूचना जिला स्तर पर पहुंची, पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत और जिला अध्यक्ष जगमग मटौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्रित हो गए । परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी व्यक्त की और ढोल की थाप पर नाच-गाकर अपनी भावनाएं जाहिर कीं। सत्य की जीत और आम आदमी पार्टी जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व पर लगे आरोपों को लेकर वे पहले दिन से ही आश्वस्त थे कि न्याय मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### जसवंती में 10 से 12 ट्यूबवेल की केबल चोरी

**कैथल।** गांव जसवंती में चोरों ने गांव के पूर्व सरपंच सहित अन्य किसानों के खेतों से सबमर्सिबल ट्यूबवेल की बिजली की केबल चोरी कर ली। मामले में कैथल सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव के पूर्व सरपंच श्रीचंद ने बताया कि उसके खेत गांव जसवंती से कवारतन जाने वाले रास्ते पर हैं। 23/24 फरवरी की रात चोरों ने उसके खेत में लगे सबमर्सिबल ट्यूबवेल से करीब 30 फीट बिजली केबल काटकर चोरी कर ले गए।

### गांव धनौरी से बाइक चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव धनौरी से एक बाइक चोरी हो गई। मामले में कैथल सदर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धनौरी निवासी गुरजीत ने बताया कि 24 फरवरी को रात करीब 9 बजे वह धनौरी में मौजूद था। इसी दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीका में राइस मिल से धान के 200 कट्टे चोरी

**कैथल।** चीका से चोरों ने एक राइस मिल से धान के 200 कट्टे चोरी कर लिए। इससे राइस मिल को 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मामले में चीका थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राइस मिल संचालक हुडा आर श्री चीका निवासी पुरूषोत्तम गर्ग ने बताया कि चीका में वह गुरुनानक राइस मिल चलाता है। चोरों ने 22 फरवरी की रात को उनके सैलर से करीब 150 कट्टे जीरी चोरी कर लिए गए थे। उन्होंने अपने स्तर पर काफी छानबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 25 फरवरी की रात को फिर से चोरों ने वारदात को अंजाम देते हुए करीब 40 से 50 कट्टे धान के चोरी कर लिए।

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में दो नामजद

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने और मारपीट करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सदर पुलिस कैथल थाना के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने आरोप लगाया है कि 20 फरवरी को भैनी माजरा के जसविंदर और उसके बेटे गुरमीत द्वारा उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे गलत तरीके से छुआ। जब उनके द्वारा आरोपियों का विरोध किया गया तो आरोपियों ने उनके साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट की। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### सीआरएसयू में शैक्षणिक ऑडिट का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के हिन्दी विभाग में शैक्षणिक उत्कृष्टता, पाठ्यचर्या की प्रभावशीलता तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से शैक्षणिक ऑडिट का सफल आयोजन किया गया। यह ऑडिट कुलगुरु रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुआ। ऑडिट के दौरान विभाग की पाठ्यचर्या, शोध गतिविधियों, नवाचार, विद्यार्थी सहभागिता तथा स्थानीय लोक सांस्कृतिक संसाधनों के उपयोग का समग्र मूल्यांकन किया गया।

---

### सीआरएसयू छात्रा की परीक्षाओं में स्टाफ पर पक्षपात की शिकायत पर कड़ा संज्ञान

# जिला लोक संपर्क समिति की बैठक में 18 शिकायतों में से 11 को मौके पर निपटाया

- बिजली, पानी व सड़क जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं
- डीसी ने फरियादियों को दिया समाधान का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ›› जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि नागरिकों को बिजली, पानी व सड़क आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शुमार है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की हर समस्या का शीघ्र उचित समाधान करें ताकि उनका जिला प्रशासन व मौजूदा सरकार में विश्वास प्रबल हो। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हालांकि बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को करनी थी लेकिन किसी कारणवश वो बैठक में नही आ सके। बैठक के एजेंडे में 18 शिकायतें शामिल की गई थी। जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया तथा शेष बची शिकायतों पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक तक जांच पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। यह रहे मौजूद बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, एएसपी सोनाक्षी सिंह, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम उचाना दलजीत सिंह आदि रहे।

परिवेदना समिति के सदस्य रामफल शर्मा द्वारा रखी शिकायत को भी अगली बैठक के लिए लंबित रखने के लिए कहा गया। डीसी के सामने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा ने परीक्षाओं में स्टाफ द्वारा पक्षपात बरतने की शिकायत रखी।



जींद। बैठक में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि



जींद। बैठक में शिकायतें लेकर आए लोग। फोटो : हरिभूमि

#### बैठक के दौरान विभिन्न शिकायतों पर हुई कार्यवाही

डीसी के समक्ष विजय कुमार निवासी शास्त्री नगर के द्वारा श्रम विभाग में लेबर कॉपी के रजिस्ट्रेशन न करने से संबंधित शिकायत रखी गई। शिकायत का पूरा ब्यौरा और विभागीय नॉर्म की तपसील देख डीसी ने इस मामले को अगली बैठक तक पेंडिंग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभागीय नॉर्म के अनुसार श्रमिक को लाभ का पात्र नहीं माना गया है और यह मामला सरकार स्तर पर सुलझाया जा सकता है। लिहाजा शिकायतकर्ता के प्रति जिला प्रशासन पूरी संवेदना बरतते हुए इस मामले को समिति अध्यक्ष के संज्ञान में लाने के लिए अगली बैठक तक पेंडिंग रहता है।

#### डीसी ने फरियादियों की समस्याओं पर लिया संज्ञान

गांगोली निवासी सुभाष चंद्र की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने दो गैर सरकारी सदस्यों के साथ अतिरिक्त उपायुक्त को मामले की जांच करने के लिए कहा। कारखाना निवासी कमला के मामले में डीसी ने डीएसपी सफीदों को पीड़ित की यथा संभव विभागीय सहायता करने के निर्देश दिए। बैठक में अतुल कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके खेत के पास नगर पालिका ने कुड़ा, कर्कट डालकर डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। जिससे उसको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैए जिस पर संज्ञान लेते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला नगर आयुक्त को व्यक्तिगत तौर पर दो गैर. सरकारी सदस्यों के साथ मौका मुआयना करने के लिए कहा। असरफगढ़ निवासी चांद सिंह द्वारा पेयजल की सुविधा के लिए रखी दरखावास्त पर डीसी ने ग्रवेंस कमेटी के मैम्बर को मौके पर जाकर गांव से प्रार्थी के मकान तक की दूरी जांचने और वहां रह रही आबादी का भी विवरण देखने के लिए भी कहा। विरेन्द्र सिंह ने नरवाना में कोर्ट रोड पर पानी एकत्रित होने की शिकायत रखी गई। मामले पर उचित कार्यवाही के लिए डीसी ने एसडीएम नरवाना की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता, ईओ तथा एमई नगर परिषद के साथ मामले की तहत तक जांच करने के निर्देश दिए। दबलैन निवासी मूर्ति देवी के मामले की एएसपी जींद को जांच करने के लिए कहा।

---



सीवन में नायब तहसीलदार मीनू कौशिक को ज्ञापन सौंपते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर सर्व कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

- ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग भी की गई

हरिभूमि न्यूज ›› सीवन

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक इकाई सीवन द्वारा आज राष्ट्रीय मांग दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार, सीवन मीनू कौशिक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को शीघ्र नियमित किया जाए ताकि उन्हें स्थायी रोजगार और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। कर्मचारियों ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के हितों के विपरीत है, इसलिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः लागू किया जाना चाहिए। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग भी की गई। इसके अतिरिक्त आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों की समीक्षा करने तथा प्रत्येक पांच वर्ष में वेतन संशोधन सुनिश्चित करने की मांग रखी गई, ताकि कर्मचारियों को महंगाई के अनुरूप वेतन लाभ मिल सके। संघ ने सभी कच्चे और पक्के कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा लागू करने, शिक्षा बजट को दोगुना करने तथा जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित करने की भी मांग की। ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार ने कहा कि यदि सरकार कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो संगठन आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। सचिव स्वराज सिंह ने कहा कि यह ज्ञापन कर्मचारियों की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। इस अवसर पर रामचंद्र, गुरमीत, बालकिशन, राधेश्याम, जोगिंदर, राजकुमार, नरेश, प्रेम, हरिकेश, संदीप गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# विधायक जांबा ने विधानसभा में रखा धेरडू नर्सिंग कॉलेज का मामला

- पूंडरी के विकास को लेकर वह लगातार सक्रिय हैं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ›› पूंडरी



सदन में अपनी बात रखते विधायक सतपाल जाम्बा। फोटो : हरिभूमि

पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव धेरडू में बने गुरु ब्रह्मानंद नर्सिंग कॉलेज को शुरू कराने का मुद्दा एक बार फिर जोरदार तरीके से विधानसभा में उठाया गया। पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए पूछा कि क्या नर्सिंग कॉलेज की इमारत पूरी तरह से बन चुकी है और यदि हां, तो इसे औपचारिक रूप से कब तक शुरू किया जाएगा। विधायक जांबा ने सदन में कहा कि धेरडू सहित आसपास के गांवों के युवाओं को लंबे समय से इस नर्सिंग कॉलेज के शुरू होने का इंतजार है। क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए यह संस्थान रोजगार और उच्च शिक्षा का बड़ा अवसर साबित होगा। उन्होंने सरकार से स्पष्ट समयसीमा बताने की मांग की ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को राहत मिल सके। इस पर जवाब देते हुए हरियाणा की चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज की इमारत पूर्ण रूप से तैयार है। विभाग आगामी शैक्षणिक सत्र में इस कॉलेज को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी. पी. पी. ) व्यवस्था के तहत संचालित करने की संभावनाएं तलाश रहा है। विधानसभा में यह मुद्दा उठने के बाद क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक सतपाल जांबा लगातार पुंडरी विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर सक्रिय रहते हैं और शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हैं।

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार ने सिंह शुक्रवार को भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं की चल रही परीक्षाओं के मद्देनजर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना का निरीक्षण किया। एसडीएम होशियार सिंह ने परीक्षाओं को पूर्णतः नकल रहितए पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए केंद्र अधीक्षकों व ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 6 से 22 मार्च तक मनाया जाएगा जल महोत्सव, तैयारियों में जुटा प्रशासन

- पेयजल आपूर्ति में भागीदारी निभाने वाली स्वंय सहायता समूह व पंप ऑपरेटर को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ›› जींद



वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत हर घर जल व जलअर्पण के बाद ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के रखरखाव व प्रबंधन का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं करने सहित पेयजल के सभी कार्यो में जन भागिदारी बढाने के लिए छह मार्च से 22 मार्च तक जलमहोत्सव कार्यक्रम का आयेजन जिले की सभी 300 ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। मुख्य अभियंता एवं जेजेएम के मिशन डायरेक्टर राजीव बातिस व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के डारेक्टर जसंवत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में छह मार्च से जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जल आपूर्ति के रखरखाव व प्रबंधन में ग्रामीणों की अधिक से अधिक सहभागिता बढाना है। इस जलमहोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रतिदिन अलग-अलग तरह की गतिविधियां ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी। छह मार्च को अंतरराष्ट्रिय महिला दिवस का कार्यक्रम पंचायत स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर किया जाएगा।

---



कैथल मार्ग स्थित टावर के पास बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करती चेयरपर्सन बबीता। फोटो : हरिभूमि

#### चेयरपर्सन ने बाउंड्री वाल के निर्माण का किया शुभारंभ

**राजौंद।** कैथल मार्ग पर स्थित टावर के समीप नगर पालिका द्वारा बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत रूप से नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन बबीता ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र की सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 13 के पार्षद अशोक फौजी, नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा, कनिष्ठ अभियंता अश्वनी कुमार तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का संकल्प दोहराया। चेयरपर्सन ने बताया कि बाउंड्री वॉल के निर्माण के बाद इसी स्थान पर एक आधुनिक सामुदायिक केंद्र का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# 3 हजार मीटर में राहुल और अक्षय सबसे तेज दौड़कर बने विजेता

- केएम कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ›› नरवाना



नरवाना। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

केएम राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 59 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्यअतिथि भीम अवार्डी जैवलिन थ्रो के राष्ट्रीय खिलाड़ी राजेंद्र नैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाविद्यालय पहुंचने पर मुख्यअतिथि राजेंद्र नैन व विशिष्ट अतिथि शिक्षक मेवा सिंह का स्वागत प्राचार्या डा. मीनू सिंह व कॉलेज काउंसिल के सदस्यों ने बुके देकर व फूल मालाएं पहना कर किया। मुख्यअतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता है। दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के खेल परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर एवं कार्यक्रम के संयोजक मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तीन हजार मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के राहुल ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष के अक्षय ने द्वितीय तथा बीए अंतिम वर्ष के मनप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# ग्राम पंचायत कौल में सरपंच पद को लेकर सरगर्मियां तेज

हरिभूमि न्यूज ›› ढांड

- अजय सागवाल ने ठोकी चुनाच में अपनी दावेदारी



ग्राम पंचायत कौल में आगामी सरपंच चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में अजय कौल ने सरपंच पद के भावी उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। अजय कौल ने कहा कि यदि ग्रामवासियों का आशीर्वाद मिला तो वे गांव के सर्वांगीण विकास, पारदर्शिता और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल समस्या, युवाओं के लिए खेल सुविधाएं तथा गांव की सड़कों के सुधार को अपने मुख्य एजेंडे में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना होना चाहिए। गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के सहयोग से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। गांव में उनकी दावेदारी को लेकर समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। अब देखना यह होगा कि ग्राम पंचायत कौल की जनता आगामी चुनाव में किसे अपनी बागडोर सौंपती है।

---

# हैल्पफुल हैंड ने हनुमान वाटिका में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल




कैथल। रक्तदाताओं को सम्मानित करते पदाधिकारी

हनुमान वाटिका भवन में शुक्रवार को टीम हैल्पफुल हैंड हरियाणा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने रक्तदान शिविर में रक्तदान करके समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में जरूर एक बार रक्तदान करना चाहिए। ऐसा करने से उनका स्वयं का स्वास्थ्य भी सही रहता है। संस्था के समन्वयक मनदीप ने बताया कि रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं है। इससे हमे मावनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है। अभी तक विज्ञान द्वारा रक्त का कोई विकल्प नहीं खोजा जा सका है। इसलिए हम सबको मिलकर रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि केवल मानव का रक्त ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दिया जा सकता है। दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति का अधिक रक्त बहना उसकी मौत का कारण हो सकता है। उस समय में केवल मानव का रक्त ही उस जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दान दे सकता है। इस शिविर में सिग्नस अस्पताल के साथ-साथ बूटा विर्क, एमडी जागलान, सोनू मलिक, प्रदीप लांबा, अवतार सैनी, पंकज गुर्जर, राजू नागपाल, गोविंद नागपाल, लक्की गर्ग, रूपिंद्र विर्क का पूर्ण सहयोग रहा।

### कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए नई पहल

# राजकीय आईटीआई में आम लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ›› जींद



जींद। लाइब्रेरी में पढ़ाई करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

राजकीय आईटीआई में आम नागरिकों के लिए लाइब्रेरी एवं वर्कशॉप सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कौशल विकास को बढ़ावा देने और तकनीकी संसाधनों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनहितकारी पहल की शुरुआत की गई है। बजट वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने प्रदेश के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उपलब्ध लाइब्रेरी एवं वर्कशॉप सुविधाओं को अब आम नागरिकों के लिए भी सुलभ कर दिया है। इस निर्णय के तहत नागरिक अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद सहित राज्य के अन्य आईटीआई परिसरों में अब विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षार्थी, स्वरोजगार की तैयारी कर रहे युवा तथा सामान्य नागरिक निर्धारित शुल्क के साथ अध्ययन एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। यह कदम शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी प्रयास माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक 100 प्रति माह शुल्क देकर अध्ययन कक्ष एवं उपलब्ध संदर्भ सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। इस श्रेणी में पुस्तक निर्गमन की सुविधा शामिल नहीं होगी। वहीं 500 रुपये प्रति माह शुल्क देकर पूर्ण सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। जिसमें पुस्तक निर्गमन के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों का उपयोग भी सम्मिलित रहेगा। यह सुविधा विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

#### शामिल होने के लिए 300 रुपये शुल्क निर्धारित

वर्कशॉप सुविधा के अंतर्गत तकनीकी प्रशिक्षण या व्यक्तिगत परियोजनाओं के लिए इच्छुक नागरिक 300 रुपये प्रति घंटा शुल्क देकर आईटीआई की मशीनों एवं उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान विशेषज्ञ पर्यवेक्षण एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। ध्यान रहे कि प्रयोग में आने वाली सामग्री, मटेरियल का शुल्क अतिरिक्त रूप से देय होगा। यह सुविधा स्वरोजगार आरंभ करने की तैयारी कर रहे युवाओं तथा तकनीकी नवाचार में रुचि रखने वालों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। इन सुविधाओं का संचालन प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक किया जाएगा।